an>

Title: Need to set up a high-power Radio Station in Dhanbad parliamentary constituency, Jharkhand.

श्री पशुपति नाथ सिंह (धनबाद) ः मेरा संसदीय क्षेत्र धनबाद पूरे देश की खनिज संपदाओं की मांग को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। धनबाद में पाया जाने वाला कोयला देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करता है। धनबाद में कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की संस्थाएँ, स्थित हैं जिनमें बी.सी.सी.एल., सी.आई.एम.एफ.आर., डी.जी.एम.एफ., सी.एम.पी.एफ. और आई.एस.एम. (जिसे कि आई.आई.टी. का दर्जा पिछले बजट सत्र में प्राप्त हुआ है) प्रमुख हैं। इन्हीं सबको देखते हुए आज धनबाद में एक उच्च स्तरीय रेडियो केंद्र प्रारंभ करने की आवश्यकता है। जिससे स्थानीय कलाकारों की प्रतिभा को बढ़ाने के लिए मंच मिलेगा। स्थानीय निवासियों को एक-दूसरे के संस्कारें, नीतियों और रीति-रिवाजों को समझने का अवसर मिलेगा। धनबाद तथा आस-पास के जिलों के किसानों को लाभ प्राप्त होगा। शिक्षा एवं संस्कृति के प्रचार-प्रसार में सुविधा प्राप्त होगी। धनबाद तथा आस-पास के जिलों की आबादी को पूरी दुनिया से जुड़ने का एक सरल और सहज माध्यम प्राप्त होगा। रांची, पटना और भागलपुर के रेडियो केन्द्र के सिग्नल कमजोर होने के कारण धनबाद, गिरिडीह, जामताड़ा, दुमका, साहिबगंज, देवघर तथा पाकुड़ जिलों में रेडियो केन्द्र का लाभ वहां की जनता को प्राप्त नहीं हो पा रहा है। धनबाद शहर के कोयला नगर होकर बलियापुर जाने वाली सड़क की दाहिनी ओर आकाशवाणी धनबाद का अपना भवन बनकर तैयार है। किन्तु एक उच्च स्तरीय रेडियो केन्द्र के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाएं वहां नहीं हैं।

अतः मैं माननीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र धनबाद में उच्च स्तरीय रेडियो केंद्र की स्थापना की जाए जो कि धनबाद की प्रगति में अग्रणी भूमिका निभा सके।